पेपर नं . १

१. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर छः वाक्यों मे लिखिए । (१२)

१. हीरा और मोती गया के घर से दुबारा भागने में कैसे सफल हुए ?

२. 'बचपन के वे दिन' कहानी के आधार पर पट्टी पूजन संस्कार का वर्णन कीजिए ।

३. डॉ. वसंत चिटणीस की चेतावनी लोगों को खोखली क्यों प्रतीत हुई ?

४. सोमा बुआ किन चीजों को बडे जतन से सन्दूक में रखने लगी ? क्यों ?

५. अशोक ने अमिता के सामने क्या प्रतिज्ञा की ?

(ब) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर दो-दो वाक्यों में लिखिए । (६)

१. भटियारा किस प्रसंग से सहम गया ?

२. धुमक्कड कैसा धर्म है ?

३. विनोबाजी 'गदा' और 'चक्र' का अर्थ क्या बताते हैं ?

४. औरत प्रतिदिन ईश्वर से क्या प्रार्थना करती थी ?

(क) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए । (२)

१. रानी लक्ष्मीबाई का लक्ष्य क्या था ?

२. व्यक्ति के अंदर का मानव कब मर जाता है ?

३. रिचर्ड होम्स कौन थे ?

२. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर करीब चार वाक्यों में लिखिए । (९)

१. राजा जनक के वचन पर लक्ष्मण ने क्या उत्तर दिया ?

२. जसोदा भैया द्वारा बालकृष्ण को चलना सिखाते समय के वात्सल्यपूर्ण दृश्य का वर्णन कीजिए ।

३. सतपुडा के जंगलों को कविने लताओं के जंगल क्यों कहे हैं ?

४. खेल में सब खिलाडी समान होते हैं । सूरदास के पद काव्य के आधार पर समझाइए ।

(ब) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर करीब दो-दो वाक्यों में लिखिए । (६)

१. 'ग्रामश्री' काव्य के आधार पर कुहरे का शब्द चित्र अंकित कीजिए ।

२. धरतीने कैसा रूप धारण किया है ? क्यों ?

३. जर्जर नाव का क्या महत्व है ?

४. मनुष्य को गौरवपूर्ण जीवन कब प्राप्त होता है ?

(क) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए । (२)

१. वर्षा में कौन कौन पक्षी आनंदित हैं ?

२. कवि प्रहरी को सावधान रहने के लिए क्यों कहते हैं ?

३. गाँड लोगों के ढोल कब गूँज उठते हैं ?

(ड) काव्यप्रक्तियाँ पूर्ण कीजिए । (३)

कई दिनों तक ..... हालत रही शिकस्त ।

३. (अ) निम्नलिखित मुहावरों में से किन्हीं दो के अर्थ देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए । (४)

१. कमान संभालना २. काँप उठना ३. बाजार गरम होना

(ब) निम्नलिखित कहावतों या सुभाषित में से किसी एक का अर्थ समझाइए । (२)

१. नाच न जाने आँगन टेढा । २. निंदा सबद (शब्द) रसाल ।

(क) निम्नलिखित शब्दों में से किन्ही दो की भाववाचक संज्ञा बनाईये । (१)

१. ज्यादा २. बुलाना ३. पेशवा

(ड) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो के विशेषण बनाइए । (१)

१. विज्ञान २. ईश्वर ३. चमत्कार

(इ) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो के कर्तृवाचक संज्ञा बनाइए । (१)

१. धनुष २. पहरा ३. साँप

(ई) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो के विरूद्धार्थी शब्द लिखिए । (१)

१. नि:शस्त्र २. गहरा ३. खंडन

(उ) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो के समानार्थी शब्द लिखिए । (१)

१. ताकीद २. फौरन ३. ईन्तजाम

(ऊ) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो शब्दों के लिंग पहचानिए । (१)

१. टिकट २. बर्फ ३. पुस्तक

(ए) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो शब्दों के लिंग परिवर्तन कीजिए । (१)

१. महोदया २. समधिन ३. विधवा

(ऐ) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो शब्दों के समासों के नाम बताइए । (१)

१. गिरिधर २. नतशिर ३. रोमरोम

(ओ) निम्नलिखित शब्द-समूहों में से किन्ही दो के लिए एक एक शब्द लिखिए । (१)

१. भ्रमण करनेवाला २. रण में धीरन रखनेवाला ३. पाँव की चाप आने का शब्द:

(औ) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं पाँच का सूचना अनुसार परिवर्तन कीजिए । (५)

१. हमें क्रिकेट खेलने में बहुत मजा आई । (वाक्य शुद्ध कीजिए)

२. तम प्रत्यय का उपयोग करके वाक्य बनाइए ।

३. उपेक्षा और अपेक्षा का शब्द भेद अर्थ द्वारा लिखिए ।

४. धरती ने नया रूप धरा है । (पूर्ण भूतकाल में बदलिए)

५. प्रत्येक विद्यार्थीने कमीज पहन रखी थी । (काल पहचानिए)

६. सचीन का व्यक्तित्व बडा आकर्षक है । (उद्‌गार वाक्य बनाइए)

७. लतिका ने खत लिखा था । (अपूर्ण वर्तमान काल बनाइए)

८. उसने अपने दोस्त का टी.वी. खरीदा । (मिश्र वाक्य बनाइए)

४. (अ) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर २०० शब्दों में निबंध लिखिए । (१२)

१. अगर बचपन लौट आये.

(प्रस्तावना - जीवन की तीन अवस्थाएँ - उनमें शैशव का स्थान - बचपन की निर्दोषता - भोलापन - मस्त जीवन - खाना, पीना, खेलना - बचपन की खुशियाँ - बचपन के अविस्मरणीय प्रसंग - जीवन का एक सुवर्ण समय ।)

२. देश में आतंकवाद एक बडी समस्या.

(प्रस्तावना - देश में अनेक समस्याएँ - राष्ट्र विरोधी प्रवृत्तियाँ - प्रजा में भय - राष्ट्र की संपत्ति को हानि - निर्दोषों की जान भय में - सरकार और पुलिस द्वारा कडा रुख - लोगों का उसमें सहयोग - उनके उपाय - कडी सजा की व्यवस्था - विकास में बाधा - समझूती - उपसंहार)

३. अनाथ बालक बोलता है.

(प्रस्तावना - जन्म - शिक्षा - बचपन - मातापिता का अवसान - अनाथ - नोकरी - शोषण - दरिद्रता - विदेश भाग जाना - जीवन में परिवर्तन - गरीबों की सेवा में जुटना - उपसंहार)

४. हमारे राष्ट्रीय त्यौहार.

(देश में त्यौहारों की परंपरा - प्रकार - राष्ट्रीय पर्व के नाम क्यों मनाते हैं ? - कब ? - शहीदों का गौरव - मनाने का तरीका - महत्व - उपसंहार)

(ब) निम्नलिखित विषय पर पत्रलेखन लिखिए । (८)

१०, निरज भुवन, सुभाषनगर, आंबावाडी, अहमदाबाद से कीरीट पटेल अपने बडौदा निवास नवीन पटेल को 'रक्तदान का महत्व' समझाता हुआ पत्र लिखता है ।

५. (अ) (१) निम्नलिखित विधानों की पूर्ति के लिए दिए गए उत्तरों में से सही विकल्प चुनकर विधान पूर्ति कीजिए । (२)

१. हिरनी का नाम सोना रखा गया था, क्यों कि .....
   - स्वर्ग में कोई नाम न होने के कारण रखा गया ।
   - उसे पीली वस्तुएँ ज्यादा पसंद थी ।
   - उसका शरीर सुनहरे रंग का था ।

२. मिशनरी निंदक निर्लिप्त और निष्पक्ष होते हैं, क्योंकि ....
   - वे धार्मिक प्रवृत्ति के होते हैं ।
   - वे केवल अपने मित्रों की ही निंदा करते हैं ।
   - मौका आने पर वे अपने बाप की निंदा करने में भी नहीं चूकते ।

(२) पाठ का नाम लिखकर उसके सामने सही लेखक का नाम लिखिए । (२)

१. 'अ'विभाग	'ब' विभाग
१. सोना हिरनी	१.महादेवी वर्मा
२. धुमक्कड धर्म	२. इन्द्र विदावाचस्पति
	३. राहुल सांकृत्यायन

(३) निम्नलिखित विभाग 'अ' में पात्रों के सही नाम दिये हैं और विभाग 'ब' में पात्रों की उक्तियाँ दी गई हैं । (२)

सही पात्र का नाम लिखकर उसके सामने सही उक्ति लिखिए ।

'अ' विभाग	'ब' विभाग
१. मोती	चले तो जरुर कल इस अनाथ पर आफत आयेगी ।
हीरा	
गया	
२. फौजी	मर जाओ, अभागे, तू मुझे और क्या क्या दिखाएगा ?
भटियारन	
फौजी की पत्नी	

(ब) निम्नलिखित परिच्छेद को पढकर उसके संबंध में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए । (६)

हमारी सारी संस्कृति वन-प्रधान है । हमारी संस्कृति में जो सुंदरतम और श्रेष्ठतम है; उनका उद्‌भव आश्रम में और तपोवनों में हुआ था । ऋग्वेद, जो हमारी सनातन शक्ति का मूल है; वन देवियों की अर्चना करते हैं । मनुस्मृति में वृक्ष विच्छेदक को बडा पापी माना गया है । मत्स्य पुराण में कहा गया है, ''जो आदमी वृक्षों को नष्ट करता है उसे दंड दिया जाय ।'' तालाबों, सडकों या सीमा के पास वृक्षों को काटना बडा गुरुत्तर अपराध था । अग्नि पुराण भी वृक्ष पूजा पर जोर देता है । महाभारत में खंडव वन के वर्णन का उल्लेख है और रामायण में पंचवटी बन की रमणीयता का वर्णन है । बुद्ध भगवान के वटवृक्ष के नीचे ज्ञान प्राप्त हुआ था । वृक्षों का आरोपण स्नेहपूर्वक और उनका परिपालन पुत्रवत् करना चाहिए ।

प्रश्न :

१. हमारी संस्कृति का उद्‌भव कहाँ हुआ था ?
२. कौन सा वेद सनातन शक्ति का मूल है ?
३. किस ग्रंथ में वृक्ष विच्छेद महापाप माना गया है ?
४. कहाँ से वृक्ष का छेदन करना अपराध माना जाता था ?
५. रामायण में किस वन का वर्णन है ?
६. परिच्छेद को उचित शीर्षक दीजिए ।

(क) निम्नलिखित परिच्छेद को पढकर अपनी मातृभाषा में अनुवाद कीजिए । (८)

संसार में यदि कोई सनातन धर्म है तो वह धुमक्कड धर्म है । लेकिन वह संकुलित सम्प्रदाय नहीं है, वह आकाश की तरह महान है । समुद्र की तरह विशाल है । जिन धर्मों ने अधिक यश और महिमा प्राप्त की है, केवल धुमक्कड धर्म ही के कारण। प्रभु ईसा धुमक्कड थे, उनके अनुयायी भी धुमक्कड थे, जिन्होंने ईसा के संदेश को दुनिया के कोने कोने में पहुँचाया । धुमक्कड होना आदमी के लिए परम सौभाग्य की बात है और धुमक्कडी वही कर सकता है जो निश्चित है ।